1009

SAMAGRA SHIKSHA - KERALA

A

FIRST TERM -END EVALUATION- 2023-24

STD. X

Third Language
HINDI

Time : 90 minutes
Score : 40

निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

1. साहिल की नज़र में बेला कैसी है? 1

2. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) मैं + के = मुझे (ख) मैं + को = मुझे

(ग) मैं + का = मुझे (घ) मैं + की = मुझे

3. बेला का मन बहुत खराब हो गया। क्यों? 2

4. क्लास में हुए बुरे अनुभव के बारे में बेला अपनी सहेली के नाम पत्र लिखती है। बेला का **पत्र** लिखें। 4

अथवा

गणित के पीरियड के बुरे अनुभव को साहिल अपनी माँ से कहता है। साहिल और माँ के बीच की **बातचीत** लिखें।

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 5 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।

5. **'लोहा लेना'** का मतलब क्या है? 1

(क) सेवा करना। (ख) स्वागत करना।

(ग) सामना करना। (घ) स्वीकार करना।

6. 'अकेली आवाज़' में विशेषण शब्द क्या है? 1

7. 'टूटा पहिया' कविता के प्रतीकों के आधार पर सही मिलान करें। 4

टूटा पहिया	समस्याएँ
अभिमन्यु	शासक वर्ग
चक्रव्यूह	अधर्म का विरोधी
महारथी	उपेक्षित मानव

8. कवि और कविता का परिचय देते हुए इस **कवितांश का आशय** लिखें। 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' टिप्पणी का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"व्यक्ति को मैं नहीं जानता था, हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी उस जानी-पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम, पते, उम्र, ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है।

9. 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता किसकी है? 1

(क) प्रभात की (ख) मिहिर की

(ग) धर्मवीर भारती की (घ) विनोदकुमार शुक्ल की

10. सही वाक्य चुनकर लिखें। 1

(क) मैं जानता हूँ। (ख) मैं जानता है।

(ग) मैं जानते हैं। (घ) मैं जानते हो।

11. कवि के अनुसार जानने का असली आधार क्या है? 2

12. "मानवता ही मानव की पहचान है" विषय पर आपके स्कूल में संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए पोस्टर तैयार करें। 4

अथवा

संकेतों की सहायता से 'मानवता का महत्व' विषय पर लघु लेख लिखें।

- सहानुभूति
- एकता का भाव
- आदर का भाव
- परोपकार

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> पैन में कुछ स्याही बची थी, उसे साहिल ने ज़मीन पर छिड़क दिया। नई स्याही भरवाने के लिए दोनों दुकान पर पहुँचे। "एक पैन स्याही भर दो"। साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा।

13. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) बेला और साहिल मिठाई लेने दुकान गए।

(ख) बेला और साहिल पैन में स्याही भरवाने के लिए दुकान गए।

(ग) बेला और साहिल कागज़ खरीदने के लिए दुकान गए।

(घ) बेला और साहिल किताब खरीदने के लिए दुकान गए।

14. साहिल ने पैन में बची स्याही ज़मीन पर छिड़क दी। क्यों? 2

15. कहानी के इस प्रसंग पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। 4

अथवा

'दोस्ती का महत्व' विषय पर **टिप्पणी** लिखें।

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' कहानी का यह अंश पढ़ें और 16 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का डिब्बा मेरा।

16. खेल घंटी में मोरपाल और मिहिर का सौदा क्या था? 1

(क) एक साथ खेलने का। (ख) दोस्त से मिलने का।

(ग) साथ-साथ पढ़ने का। (घ) खाने की अदला-बदली का।

17. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2

(रोज़, घर से)



18. जीवन में पहली बार राजमा-चावल खाना मोरपाल के लिए ख़ास अनुभव था। मोरपाल की उस दिन की **डायरी** लिखें। 4